मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-493
23/09/2023

# राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के बड़े पुत्र केदारनाथ सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना 23 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के बड़े पुत्र केदारनाथ सिंह के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व0 केदारनाथ सिंह का अपनी जन्मभूमि सिमरिया से विशेष लगाव था। वे एक साहित्यकार थे। उनके कई काव्य संग्रह प्रकाशित हैं जिनमें 'आंका सूरज, बांका सूरज' चर्चित हैं। उनके निधन से साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******